# ओलावृष्टि से तबाह किसानों की पीड़ा पर कांग्रेस का आक्रोश

- पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने गरजते हुए कहा-अन्नदाता
- आत्महत्या को मजबूर, शासन मौन क्यों

**बड़नगर।** विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई अधिक वर्षा, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह नष्ट हो गईं। इस गंभीर स्थिति को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी बड़नगर, सेवादल, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, मण्डलम् कमेटी, सेक्टर कमेटी, जनपद सदस्यगण, पार्षदगण, सरपंचगण सहित 218 विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों किसानों ने पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की उपस्थिति में स्थानीय कोर्ट चौराहा से रैली निकालकर दो घंटे तक एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और धरना प्रदर्शन कर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराते हुए किसानों की समस्याओं का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी धीरेंद्र परासर को सौंपा।

धरना स्थल पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने किसानों की समस्याओं को रखते हुए कहा कि ओलावृष्टि से गेहूं और लहसुन की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। एक माह पूर्व भी बारिश से फसलें नष्ट हुई थीं। लेकिन आज तक न तो सर्वे हुआ और न ही मुआवजा राशि किसानों को मिली। स्थिति इतनी भयावह है कि अन्नदाता आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है। यदि शासन ने शीघ्र राहत व मुआवजा बीमा राशि नहीं दी तो कांग्रेस कार्यकर्ता




अनिश्चितकालीन धरना देकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे। ज्ञापन में प्रभावित ग्रामों की लंबी सूची प्रस्तुत की गई, जिनमें देहटा, केशरपुरा, अमलावदकलां, जमालपुरा, पलसोड़ा, चिरोला कला, राठौरखेडी, करडवास, लिम्बास, ओरडी, मलोडा, बरडिया, बडगांवा, लोहाना, असावता सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र का उल्लेख रहा। किसानों ने मांग की कि तत्काल सर्वे कराकर राहत राशि और बीमा भुगतान किया जाए। साथ ही ज्ञापन में नगर की स्वास्थ्य, सुरक्षा और प्रशासनिक समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा गया। जिसमें कजलाना स्थित नवनिर्मित अस्पताल की दूरी के कारण महिलाओं को प्रसूति में भारी असुविधा हो रही है। नगर में ही प्रसूति व्यवस्था एवं इमरजेंसी वार्ड की मांग की गई। ऑक्सीजन प्लांट नगर में ही स्थापित है, जिसका लाभ तभी संभव है जब मुख्य सेवाएँ नगर में संचालित हों।, सीसीटीवी कैमरे और सूचना प्रसारक स्पीकर लंबे समय से बंद हैं, जिससे अवैध गतिविधियां बढ़ रही हैं। इन्हें तत्काल चालू करने की मांग की गई।, नामांतरण के मामले महीनों से लंबित हैं, जिनके शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश देने की मांग की गई।, मनरेगा योजना का नाम बदलने का विरोध करते हुए जनभावनाओं का सम्मान करने की अपील की गई।

नगर में दूषित पेयजल वितरण से बीमारियां फेल रही है किन्तु शासन-प्रशासन मोन रहकर बड़ी दूर्घटना के इंतजार में है ।, नगर की यातायात व्यवस्था सुधारने, आवारा पशुओं की समस्या हल करने और प्रधानमंत्री सड़क योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर सड़कों की मरम्मत की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।

ज्ञापन का वाचन ब्लाक सेवादल अध्यक्ष सुनील मकवाना ने किया। ज्ञापन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, प्रवीण बिलाला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, नेता प्रतिपक्ष अजहरउद्दीन, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, सरपंच गोपालसिहं गेहलोत, रामेश्चर बैरागी जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, पूर्व खरसौदकलां ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्रसिंह राठौर, मनोहरलाल शर्मा, बद्रीलाल आचार्य, युवा कांग्रेस इंगोरिया ब्लाक अध्यक्ष राहुल सोलंकी, बड़नगर ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण वड़छा, गोविन्द माली, करण राठौड़, महेश विजयवर्गीय, नीलेश शर्मा, दिलीपसिंह भाटी, जुझारलाल प्रजापत, राजेन्द्रसिहं सिसौदिया, लाखनसिंह सिसौदिया, उमाशंकर मेहता, अंसारअली, मुकद्दर पटेल, उमरावसिंह गुर्जर, सरफु भाई, वनीषराज कटारिया, जितेन्द्र गुर्जर, चांद खा, नरेंद्र राठौड़, नानूराम गरवाल, बलरामसिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए।

## एक नजर में

### एसवीआईएमएस में 'प्रबंधोत्सव 2026' का समापन




**इंदौर.** श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस (एसवीआईएमएस) में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव 'प्रबंधोत्सव 2026' का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ. महोत्सव में इंदौर सहित आसपास के 25 से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. महोत्सव के अंतर्गत क्विज, मेहंदी, वाद-विवाद, गायन, नृत्य, रंगोली के साथ ऑनलाइन गेमिंग, क्रिकेट, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शूटिंग, कबड्डी और पिट्ठू जैसे खेलों का आयोजन किया. विशिष्ट अतिथि डॉ. भरत कुलकर्णी ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, टीमवर्क और वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी. मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्वल खरे ने शिक्षा के साथ खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों को आवश्यक बताया. संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत-हार दोनों ही सफलता की सीढ़ियां हैं. कार्यक्रम का संचालन डॉ. खुशबू जैन ने किया, रिपोर्ट वाचन डॉ. एकता अग्रवाल ने तथा आभार डॉ. प्रशांत कुशवाहा ने माना. इस अवसर पर चेयरमैन विष्णु पसारी, सचिव मनीष बाहेती, उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया, संयुक्त सचिव शशांक गुप्ता, ट्रस्टीगण, डॉ. दीपा कटियाल, प्रशासनिक अधिकारी कल्पेश भट्ट सहित प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. आयोजन में डॉ. संदीप मालू, डॉ. राघव जायसवाल एवं जयप्रकाश रायकवार ने संयोजक की भूमिका निभाई.

### गाडगे बाबा जयंती पर निकली शोभायात्रा

**इंदौर.** संत शिरोमणि श्री गाडगे बाबा के जन्मोत्सव पर रविवार को शाम 4 बजे श्री बुंदेला रजक समाज समिति इंदौर द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई. यात्रा गाडगे बाबा धर्मशाला (मोती तबेला) से प्रारंभ होकर कलेक्टर चौराहा, हरसिद्धि, मच्छी बाजार चौराहा और पंढरीनाथ मंदिर मार्ग से होते हुए पुन: मोती तबेला स्थित धर्मशाला पर समापन किया गया. आयोजन में बग्घी, रथ, डीजे वाहन और बैंड पार्टी के साथ धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी गई. जिसमें इंदौर सहित आसपास के जिलों से रजक समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए.

### एमपी एपिकोंन का आयोजन

**इंदौर.** एसोसिएशन ऑफ़ फिजिशियंस ऑफ़ इंडिया के एम पी चैप्टर द्वारा एमपी एपिकोंन का आयोजन सयाजी होटल में हुआ, सम्मेलन में प्रदेशभर से करीब 450 चिकित्सकों ने भाग लिया. संस्था के अध्यक्ष डॉ. पी.सी. मनोरिया (भोपाल) ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ चिकित्सकों के लिए ज्ञानवर्धन और नई उपचार पद्धतियों की समझ के लिए आवश्यक हैं. सम्मेलन के सचिव प्रो. डॉ. राजेश झा और डॉ. सुबोध बांजल ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में डॉक्टर शामिल हुए. डॉ राजेश अग्रवाल ने वेट लॉस दवाई सेमग्लूटाइड को कब, कहां और कैसे उपयोग करें और ये डायबिटीज रिवर्सल में मदद कर सकती है- पर और इमेग्लिमिन एक यूनिक डायबिटीज की दवाई जो वर्तमान दवैयों से अलग कार्य करती है पर व्याख्यान दिया. कार्यक्रम में निमाड़ से डॉ. संजय श्रीवास्तव तथा उज्जैन से डॉ. डी.एस. राणा सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे।

# उज्जैन के पहलवानों का शानदार प्रदर्शन, किया अभिनंदन

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के नागदा एवं देवास जिले के भौंरासा में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजिन किया गया। जिसमें प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यो से बड़ी संख्या में पहलवानो ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं कुश्ती कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उज्जैन के उर्दूपुरा स्थित ऊंकारदास गुरु अखाड़ा के खलीफा हुकमा पहलवान के मार्गदर्शन में पांच पहलवानों ने भाग लिया और शानदार कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त किए। कार्यक्रम के संयोजक शेर खान भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडल जीतकर उज्जैन लौटने पर उर्दूपुरा स्थित ऊंकारदास गुरु अखाड़ा परिसर में पहलवानों एवं कोच खलीफाओं का साफा बांधकर एवं फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया और पहलवानो के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई। सभी पहलवानों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खलीफा हुकमा पहलवान ने



कहा कि बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के बीच अपनी कुश्ती प्रतिभा दिखाना आसान नहीं होता, लेकिन हमारे अखाड़े के सभी पांचों पहलवानों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर मेडल जीतकर उज्जैन शहर का नाम रोशन किया है, जो गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में युवा वर्ग नशे की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में प्रत्येक माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को कुश्ती जैसे खेलों से जोड़ें, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके और वे समय-समय पर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने देश व शहर का नाम रोशन करें। उर्दूपुरा स्थित ऊंकारदास गुरु अखाड़ा में प्रतिदिन बच्चों को नि:शुल्क कुश्ती का प्रशिक्षण अनुभवी उस्तादों द्वारा दिया जाता है। जिसका लाभ उठाने के लिए बच्चे अखाड़े में आ सकते हैं। इस मौके पर धर्मेंद्र गेहलोत, धर्मेंद्र सांखला, अर्पित गेहलोत, नरेंद्र बागड़ी आदि लोग उपस्थित थे। अर्पित गेहलोत, धीरज प्रजापत, मोहित राणा, अनमोल रंगवासिया, विक्की सोलंकी इन पांचों पहलवानों ने कार्यक्रम में भाग लिया था।



# राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर पंजीकृत सामाजिक संस्था न्यायाश्रय द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने तथा मतदान न करने वालों पर कानूनी प्रावधान लागू करने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

संस्था अध्यक्ष मधु मालवीय ने बताया कि चुनावों में लगातार कम मतदान लोकतंत्र को कमजोर करता है। यदि मतदान प्रतिशत 100 हो, तो नागरिक बेहतर प्रतिनिधि चुन सकेंगे और शहर व प्रदेश का विकास भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन कई लोग इसे अवकाश समझकर बाहर चले जाते हैं या शहर में रहते हुए भी मतदान नहीं करते, जो चिंताजनक है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के बावजूद लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में औसतन केवल 60 से 70 प्रतिशत मतदान ही हो पाता है। मतदान संविधान द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार है, और इसका प्रयोग न होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है। संस्था ने सरकार से ऐसा कानून बनाने पर विचार करने की मांग की है, जिससे प्रत्येक नागरिक मतदान में भाग लेने के लिए बाध्य हो और लोकतंत्र को सुदृढ़ किया जा सके। इस मौके पर नरेंद्र गहलोत, दूल्हे सिंह आजाद, शाहिद कुरैशी, जिज्ञासा तिवारी, हिमांशी चंदेल, सुनीता राठौर, राज आंजना आदि लोग उपस्थित थे।

# आचार्य विद्यासागर के प्रकल्पों पर होगी निबंध प्रतियोगिता, विजेताओं को मिलेंगे हथकरघा गिफ्ट वाउचर

## डीएवीवी कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई की विशेष उपस्थिति में हुई बैठक, 27 फरवरी को विक्रम विश्वविद्यालय में होगा सम्मान समारोह

**उज्जैन। आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि के दो वर्ष पूर्ण होने पर उनकी पावन स्मृति और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष आयोजन किया जा रहा है। आचार्य विद्यासागर पीठ एवं शोध संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आचार्य विद्यासागर के प्रकल्पों की उपयोगिता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।**

**धर्म-संस्कृति से जुड़ें युवा :** इस संदर्भ में आचार्य विद्यासागर अतिथि भवन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) इंदौर के कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. सिंघई ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम होते रहने चाहिए,



### 27 फरवरी को शलाका दीर्घा में सम्मान समारोह

विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: 5100, 3100 एवं 2100 रुपये के हथकरघा गिफ्ट वाउचर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी हथकरघा उत्पाद भेंट किए जाएंगे। सम्मान समारोह 27 फरवरी को प्रात: 8:30 बजे विक्रम विश्वविद्यालय की शलाका दीर्घा में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज करेंगे। इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. अनुपम जैन और प्रतिभा स्थली इंदौर की दीदियां विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

जिससे युवा पीढ़ी धर्म और संस्कृति को पहचान सके और अपने जीवन को बेहतर बना सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसे आयोजनों में इंदौर विश्वविद्यालय द्वारा भी हर संभव सहायता की जाएगी। बैठक में कुलगुरु का सम्मान ट्रस्ट के विजेंद्र जैन सुपारी वाले, अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठी, सचिव दीपक जैन, सहसचिव सचिन कासलीवाल, विवि समन्वयक शैलेंद्र कुमार भारल, प्रसन्न बिलाला, अनुराग जैन, सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, राकेश कुमार जैन, नंदा सुधीर जैन, सुरेश छाबड़ा और शैलेन्द्र जैन सहित कई वरिष्ठ जनों ने किया। साथ ही नारी चेतना मंडल की पुष्प बज, शोभा कासलीवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी स्वागत किया।

# संत समागम के साथ मनाई पीर राजेंद्र भारती की पुण्यतिथि

**उज्जैन। दत्त अखाड़ा में पीर महंत राजेंद्र भारती महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाई गई। महंत परमेश्वर भारती के विशेष संयोजन और मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में रुद्राभिषेक, संत समागम और विशाल भंडारे के माध्यम से गुरु को नमन किया गया।**



कार्यक्रम में गादीपति पीर सुंदर पुरी, जूना अखाड़ा के सभापति महंत मोहन भारती और थानापति विद्या भारती की विशेष उपस्थिति रही। अखाड़े के संत परिवार और आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान महादेव का रुद्राभिषेक संपन्न कराया और गुरु चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। संत समागम के दौरान गुरु बिन ज्ञान न उपजै गुरु बिन मिलै न मोक्ष' के भाव को आत्मसात करते हुए वक्ताओं ने पीर राजेंद्र भारती के जीवन दर्शन को याद किया। संतों ने कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सत्य, सेवा, मानवता और आध्यात्मिक जागरण के लिए समर्पित किया। उनका नश्वर शरीर भले ही पंचतत्व में विलीन हो गया हो, लेकिन उनकी विरासत, उपदेश और संस्कार आज भी भक्तों के हृदय में जीवंत हैं। संतों ने आव्हान किया कि गुरु के दिखाए प्रेम और जनकल्याण के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही, सनातन धर्म की पताका को निरंतर ऊंचा रखने का संकल्प दोहराया गया।

धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। व्यवस्थाओं में साइको योग फाउंडेशन, परमहंस आदि शक्ति साधना केंद्र के राजू महाराज, गजेंद्र भाई, घनश्याम मीणा, संगीता कुशवाह, अंकित जैन और लक्ष्मी नारायण उपाध्याय सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

**एक नजर** | महाकाल वन मेला ,एक ही छत के नीचे संपूण्र समाधान

# नि :शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर की अवधि 5 दिन बढ़ी

**उज्जैन।** क्षीरसागर गेट, नई सड़क स्थित प्रकाश टॉकीज की गली के पास जायसवाल धर्मशाला में नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल का नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर जारी है। उज्जैन के नागरिकों के लिए खुशखबरी है कि शिविर में उमड़ती भारी भीड़ और जनता की मांग को देखते हुए शिविर की अवधि 5 दिन और बढ़ा दी गई है।

अब यह शिविर 1 मार्च तक संचालित होगा। दशहरा मैदान में संपन्न हुए 'महाकाल वन मेला 2026' में प्रथम पुरस्कार विजेता और जबलपुर के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल जड़ी-बूटियों के माध्यम से जटिल बीमारियों का उपचार कर रहे हैं। शिविर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा।




शिविर में मरीजों की लगातार बढ़ती भीड़ के कारण इंदौर में 25 से 30 तारीख तक लगने वाले आगामी शिविर को पूर्णत: निरस्त कर दिया गया है। वैद्य की ओर से इंदौरवासियों से अपील की गई है कि गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीज मात्र 60 किलोमीटर दूर उज्जैन के इसी शिविर में आकर अपना इलाज कराएं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर और पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा कर रहे संतोष आनंद जायसवाल की सबसे बड़ी विशेषता उनका नाड़ी ज्ञान है। मरीज को अपनी बीमारी बताने की आवश्यकता नहीं होती; वे केवल नाड़ी देखकर शरीर के सटीक पता लगा लेते हैं और संपूर्ण रोगों का समाधान एक ही छत के नीचे प्रदान करते हैं।

**जटिल रोगों का भी इलाज :** शिविर में चमत्कारी संजीवनी जड़ी-बूटियों और शास्त्रोक्त विधि द्वारा कई जटिल बीमारियों का उपचार किया जा रहा है।

यहां मुख्य रूप से गठियावात (84 प्रकार का वात), 6 प्रकार की बवासीर, 4 प्रकार की पथरी, थायराइड, शुगर, ब्लड प्रेशर, लकवा, मानसिक रोग, दमा, अल्सर, फाइब्रोसिस, लीवर-किडनी की समस्या और त्वचा रोग (सोरायसिस, सफेद दाग) का इलाज शामिल है। इसके अतिरिक्त स्त्री-पुरुषों की शारीरिक समस्याओं, बच्चेदानी व आंचल की गठान, मोटापा कम करने व बढ़ाने तथा जोड़ों और कमर दर्द का भी सफल इलाज किया जाता है।

### जोशी को मिला नवजीवन

शिविर में इलाज कराने वाले मरीजों को चमत्कारी लाभ मिल रहा है। पेट की गंभीर बीमारियों, गैस, बदहजमी और एसिडिटी से परेशान जोशी ने बताया कि वैद्य की दी गई पेट सफाई की पेस्ट से उन्हें तुरंत आराम मिला। लूज मोशन के बाद आने वाली कमजोरी उन्हें बिल्कुल नहीं हुई और उनका पेट रुई की तरह नरम हो गया है। उन्होंने इस उपचार को नवजीवन बताते हुए कहा कि वैद्य इस कार्य में पूर्ण रूप से निपुण हैं। इसी तरह उज्जैन की सिंधी कॉलोनी निवासी शालिनी, जो पिछले 10 वर्षों से पैरों में गैंग्रीन और शुगर की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं, उन्हें मात्र एक सप्ताह के उपचार से काफी आराम मिला है और उनके घाव सूखने लगे हैं।